आई.बी. कालेज में प्रवेश पाने के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

पानीपत (कमाल हुसैन) : आई.बी. महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाले प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्यप्रणाली व उसकी आंतरिक व्यवस्था के बारे में अवगत कराना है । कालेज में 8-9 अक्टूबर को आयोजित इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम को चार सत्रों में चलाया गया। 08 अक्टूबर को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का प्रथम सत्र बी.कॉम. के विद्यार्थियों के लिए रखा गया। सत्र की शुरूआत दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती की वंदना से की गयी । प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने सभी विद्यार्थियों को आई.बी. महाविद्यालय में प्रवेश पाने पर बधाई दी और कहा कि आप सभी उन भाग्यशाली 27 प्रतिशत विद्यार्थियों में शामिल हो जिन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है, अन्यथा आज के आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में अधिकतर विद्यार्थी विद्यालय के बाद आगे पढ़ने का अवसर प्राप्त नहीं कर पाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि शुरूआती समय छात्रों के लिए अवश्य चुनौती भरा होता है लेकिन आत्मविश्वास उन्हें हर मोड़ पर आगे बढ़ने का हौसला देता है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल के अतिरिक्त आई.बी. महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक स्वभाव, समसामयिक वैश्विक दक्षताओं से युक्त करने व उनके समग्र विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने के व्यापक अवसर प्रतिबद्धता से प्रदान करता है। डॉ. गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर आने वाली छात्राओं का विशेष आह्वान किया कि वे सफल होकर बाकी लड़कियों के लिए अच्छी मिसाल बन सकती हैं, अतः उनकी जिम्मेदारी दूसरों से कुछ अधिक है। उन्होंने कहा कि परिसर में विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन करना होगा, इस बारे में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 11 अक्तूबर को हवन करवाया जायेगा और उसके उपरांत नियमित रूप से कक्षाएं ऑफलाइन मोड में लगवाई जाएँगी। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार ने लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया, शारीरिक शिक्षा विभाग और एन.सी.सी. प्रभारी प्रो. राजेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को एन.सी.सी. के लाभ और नियमों , इसमें कैसे प्रवेश लिया जा सकता है और भविष्य में इसके क्या क्या फायदे हो सकते हैंक इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा, प्रो. रंजना शर्मा, डॉ. मोहम्मद इशाक, डॉ. रामेश्वर दास, डॉ. शशि प्रभा, डॉ. नीलम, डॉ. निधान सिंह, डॉ. अर्पणा गर्ग, प्रो. सोनिया, डॉ. विक्रम, प्रो. पवन, प्रो. अजयपाल, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. शमीर्ला यादव, डॉ. निधि, प्रो अश्वनी गुप्ता एवं समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 2 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाया

2 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मंच पर प्राचार्य व अन्य प्रौफेसर एवं विभागाध्यक्ष।

पानीपत, 9 अक्तूबर (खर्ब): आई.बी. महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाले प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 2 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्यप्रणाली व उसकी आंतरिक व्यवस्था के बारे में अवगत करवाना है, 8 और 9 अक्तूबर को आयोजित इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम को 4 सत्रों में चलाया गया। 8 अक्तूबर को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का प्रथम सत्र बी.कॉम. के विद्यार्थियों के लिए रखा गया। सत्र की शुरूआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से की गई। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को आई.बी. महाविद्यालय में प्रवेश पाने पर बधाई दी और कहा कि आप सभी उन भाग्यशाली 27 प्रतिशत विद्यार्थियों में शामिल हों जिन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक प्रो. पी.के. नरूला ने विद्यार्थियों को पूरे साल होने वाली परीक्षा सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध करवाई जिसमें मुख्यत: पर्यावरण शिक्षा, बेसिक्स ऑफ कम्प्यूटर एवं इंटरनल असैसमैंट के बारे में विस्तार से बताया। 11 अक्तूबर को हवन करवाया जाएगा और उसके उपरांत नियमित रूप से कक्षाएं ऑफलाइन मोड में लगवाई जाएंगी।

पुस्तकालय अध्यक्ष डा. प्रवीण कुमार ने लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। शारीरिक शिक्षा विभाग और एन.सी.सी. प्रभारी प्रो. राजेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को एन.सी.सी. के लाभ और नियमों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डा. किरण मदान ने किया।

इस अवसर पर उप-प्राचार्य डा. मधु शर्मा, प्रो. रंजना शर्मा, डा. मोहम्मद इशाक, डा. रामेश्वर दास, डा. शशि प्रभा, डा. नीलम, डा. निधान सिंह, डा. अर्पणा गर्ग, प्रो. सोनिया, डा. विक्रम, प्रो. पवन, प्रो. अजयपाल, डा. सुनीता ढांडा, डा. शर्मिला यादव, डा. निधि, प्रो. अश्वनी गुप्ता एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।